भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1117

10 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

बैलाडीला खदान से लौह-अयस्क निकालना

1117. श्रीमती छाया वर्मा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पाँच वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा में किरंदुल क्षेत्र के अंतर्गत बैलाडीला खदान से कौन-कौन से लौह अयस्क निकाले गए और इनकी मात्रा कितनी है;

(ख) गत पाँच वर्षों के दौरान इनमें से कितनी मात्रा में अयस्कों का निर्यात किया गया;

(ग) गत पाँच वर्षों के दौरान उक्त खदान से प्राप्त राजस्व का ब्यौरा क्या है तथा छत्तीसगढ़ का राज्य का कितना हिस्सा दिया गया है और अभी भी इसमें से कितनी राशि शेष है; और

(घ) गत पाँच वर्षों के दौरान कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत जिले में विभिन्न विकासात्मक कार्य करने के लिए कितनी धनराशि का उपयोग किया गया तथा अन्य राज्यों को कितनी धनराशि दी गई?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग): एनएमडीसी लिमिटेड के किरंदुल कॉम्प्लेक्स के अंतर्गत बैलाडीला खदान से निकाला जा रहा लौह अयस्क "हैमेटाइट" है। विगत 5 (पाँच) वित्त वर्षों के दौरान किरंदुल क्षेत्र से निकाली गई, निर्यातित मात्राओं और अर्जित राजस्व का ब्यौरा निम्नलिखित है:

वित्त वर्ष	निकाली गई मात्राएं (लाख टन)	निर्यातित मात्राएं (लाख टन)	खदान से राजस्व (रुपये करोड़ में)	छत्तीसगढ़ को प्रदत्त शेयर (करोड़ रुपये में)	बकाया धनराशि
वित्त वर्ष 2015-16	73.40	1.67	1469	444	
वित्त वर्ष 2016-17	102.20	6.56	2689	462	

वित्त वर्ष 2017-18	107.22	5.18	3423	634	शून्य
वित्त वर्ष 2018-19	105.33	4.41	4262	1026	
वित्त वर्ष 2019-20	121.72	9.59	4563	1227	
विगत पांच वर्षों में कुल	**509.87**	**27.41**	**16406**	**3793**	

(घ): छत्तीसगढ़ और कर्नाटक में एनएमडीसी लिमिटेड की खदानें हैं। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत विगत पांच वर्षों के दौरान दंतेवाड़ा जिला और छत्तीसगढ़ राज्य तथा कर्नाटक में विभिन्न विकास कार्यों को निष्पादित करने के लिए उपयोग में लाई गई धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

(धनराशि लाख रुपये में)

	वित्तीय वर्ष				
छत्तीसगढ़	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**
दंतेवाड़ा	9446.57	8748.89	7930.85	6411.43	10232.88
बस्तर	5653.52	2180.99	1830.33	2175.13	2092.6
बीजापुर	838.54	1641.12	2183.46	1688.45	1960.71
नारायणपुर	154.76	948.3	541.15	626.71	620.8
कांकेर	44.82	-	-	-	79.37
सुकमा	1928.07	1319.21	288.18	1755.35	1433.66
कोंडागांव	226.91	119.75	125.95	657.73	349.65
जसपुर	-	-	11.73	-	-
रायपुर	315.00	623.35	2500	586.67	471.2
छत्तीसगढ़ में कुल	18608.19	15581.61	15411.65	13901.47	17240.87
कर्नाटक	894.79	1188.52	1079.79	640.86	1384.76

अन्य राज्यों के संबंध में उपयोग में लाई गई सीएसआर धनराशि का विवरण निम्नवत है:

(धनराशि लाख रुपये में)

वित्तीय वर्ष	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**
अन्य राज्य	1506.06	648.17	445.86	1015.77	1373.69

*****